# महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर

क्र./ 4131 /स्टोर/लेखा/2017 इन्दौर, दिनांक 11/1/17 /20......

**संस्थान के लिये साफ्ट वेयर का क्रय हेतु प्रस्ताव एवं दरों का आंमत्रण।**

संस्थान के लिये लेखो के संधारण आदि कार्य हेतु साफ्ट वेयर का क्रय/निर्माण किया जाना है दिनांक 19/01/2017 के दोपहर 12.00 बजे तक प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं कार्य कें संबंध में विस्तृत शर्ते आदि इस संस्थान की वेबसाईट www.mgmmcindore.org पर देखी जा सकती है।

अधिष्ठाता
म.गॉ.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय,
इन्दौर



Scanned by CamScanner

# महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर

क्र./ /स्टोर/लेखा/2017 इन्दौर, दिनांक

प्रति, **आवेदन का मुल्य : निशुल्क**

.......................................................

.......................................................

.......................................................

<u>विषय :– संस्थान के लिये साफ्ट वेयर का क्रय हेतु प्रस्ताव एवं दरों का आंमत्रण।</u>

महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर के लिये, संस्थान अमले के वेतन, मानदेय, विभिन्न भत्तों, डी.पी.एफ./जी.पी.एफ. विभिन्न भुगतानो, विभिन्न अदायगियो, विभिन्न मदों में प्राप्त होने वाली राशि, शुल्क, अनुदान आदि के नियमानुसार संधारण एवं उनसे आवश्यकता अनुसार एवं चाहे अनुसार किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने (बैंक बुक,केशबुक, विभिन्न लेजर, विभिन्न खातें आय–व्यय पत्रक, ट्रयल बैलेंस, बैलेंस शीट आदि सहित) प्राप्त करने हेतु मल्टीयुजर्स साफ्ट वेयर की आवश्यकता है। संस्थान में शासन एवं स्वशासी मद में पृथक पृथक राशियॉ प्राप्त होती है एवं निर्धारित अनुसार इसका व्यय किया जाता है। साफ्ट वेयर में शासन एवं स्वाशसी मद से किये जाने वाले प्रत्येक आय–व्यय का सम्पूर्ण लेखा संधारित करते हुए उनके पृथक पृथक प्रतिवेदन निकालने का प्रावधान होना चाहिए। टी.डी.एस. विभिन्न करों फार्म–16 आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त करने की सुविधा भी इस साफ्ट वेयर में होना चाहिए। शासन एवं स्वशासी संस्था के संबंध में पृथक पृथक खातें केशबुक आदि रखी जावेगी। चैक मुद्रण की सुविधा भी इस साफ्ट वेयर में होना अनिवार्य है।

उक्त संबंध में समस्त निर्धारित आवश्यक के साथ साथ निम्न का भी समावेश होना चाहिए।

1. साफ्ट वेयर में दिनांक 1.4.2016 से अब तक हो चुके समस्त आय–व्यय की समस्त इंट्रियां करने में आपको सहयोग करना होगा। इस वित्तीय वर्ष में शेष अवधि हेतु वांछित कार्य में अंतिम प्रतिवेदन निकालने तक आपको सहयोग करना होगा।
2. संस्थान में इससे संबंधित कार्य में संबंद्ध अमले को आपको संस्थान में आकर प्रशिक्षित करना होगा न्यूनतम तीन बार प्रशिक्षण देना होगा। आवश्यकता अनुसार अधिष्ठाता इनकी संख्या को बडा सकते है।
3. संस्थान के आहरण एवं संवितरण अधिकारी/चार्टड अकांउटेंट द्वारा समय समय पर बताये गये समस्त परिवर्तन आपको करना होगा
4. संस्थान के कम्प्युट में आपके द्वारा प्रदाय साफ्ट वेयर को समुचित तरीके से डालनें एवं इस वित्तीय वर्ष में उसका संधारण करने का पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।
5. संस्थान द्वारा क्रय किये गये साफ्ट वेयर में आगामी दो वर्षो तक उसका सम्पूर्ण रूप से रख रखाव एवं आवश्यकता अनुसार परिवर्तन भी आपको करना होगा। कार्य के



Scanned by CamScanner

परफॉमेनस की गांरटी भी आपको देना होगी। इस हेतु आपके द्वारा दर्शित राशि में से 20 प्रतिशत की राशि के बराबर की बैंक गारंटी/एफ.डी.आर. इस संस्थान में जमा करने पर ही आपको सम्पूर्ण राशि का भुगतान किया जावेगा। अन्यथा 20 प्रतिशत राशि का भुगतान आपके द्वारा सही तरीके सेवाएं देने पर एवं साफ्ट वेयर के सही ढंग से कार्य करने पर दिनांक 1 अप्रेल 2019 के बाद भुगतान किया जावेगा।

6. उक्त हेतु अधिकृत साफ्ट वेयर फर्म इस हेतु अधिकृत कंपनी से दरे आंमत्रित की जाती है।

इच्छुक फर्म **दिनांक 19/01/2017 के दोपहर 12.00 बजे तक** अपने प्रस्ताव अधिष्ठाता महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर के नाम से बंद लिफाफे में प्रेषित करें, **लिफाफा–एक के ऊपर साफ्ट वेयर हेतु दरें "** लिखा जावें ।

प्रस्ताव इसी दिन को ही संस्थान के कॉन्फ्रेन्स हॉल में दोपहर 1.00 बजे खोले जावेगें। इच्छुक फर्म के प्रतिनिधि प्रस्ताव खोलते समय उपस्थित रह सकते है।

1) वित्तीय प्रस्ताव पर कोई भी कटींग नहीं होना चाहिए कटिंग/अस्पष्टता की स्थिति में अंकित न्यून राशि को ही मान्य किया जावेगा।
2) सशर्त दर प्रस्ताव/कार्य प्रस्ताव एंव अन्य कोई प्रस्ताव जो कि निविदा शर्तो को प्रभावित करते है को मान्य नही किया जावेगा। ऐसे प्रस्तावको की दरों पर विचार नही किया जावेगा।
3) न्यून दर पर अन्य प्रस्तावक से कार्य कराने के संबंध में अधिष्ठता का निर्णय अंतिम होगा, जो आपको मान्य करना होगा।
4) कार्य के संबंध में समस्त जानकारी एवं अन्य जानकारी आदि आप प्रस्ताव देने के पुर्व कार्यालयीन समय में संबंधित कार्यालय के आहरण एवं संवितरण अधिकारी/लेखा शाखा से प्राप्त कर सकते है।
5) संबंधित फर्म द्वारा कार्य निर्धारित अनुसार पूर्ण न करनें की स्थिति में भुगतान योग्य राशि में इस हेतु राशि काटी जा सकती है/आदेश निरस्त किया जा सकता है/अन्य कार्यवाही की जा सकती है। इस संबंध मे संस्थान कें अधिष्ठाता का निर्णय अंतिम होगा।
6) प्रस्ताव अधिष्ठाता, एम.जी.एम.मेडिकल कॉलेज, इन्दौर के नाम सें भेजा जाना होगा। प्रस्ताव की निर्धारित तिथि एवं निर्धारित समय तक इस कार्यालय आवक–जावक शाखा मे प्राप्त हों जाना चाहिए, डाक इत्यादि सें विलम्ब स्वीकार नही किया जावेगा।
7) आवेदन पत्र संस्थान की वेब साईट www.mgmmcindore.org से अथवा इस संस्था की भण्डार शाखा से कार्यलयीन समय में आवेदन दे कर प्राप्त किये जा सकते है।
8) निर्धारित समय के उपरांत प्रात्रता आदि के संबंध में कोई भी दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जावेगा।
9) विवाद की स्थिति में न्यायलयीन क्षेत्र इन्दौर होगा।

अधिष्ठाता
म.गॉ.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर



Scanned by CamScanner

## महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर
**संस्थान के लिये साफ्ट वेयर का क्रय हेतु प्रस्ताव एवं दरों का आंमत्रण।**

समस्त व्ययो एवं करों सहित राशि रू. में

| आपके द्वारा प्रदाय किये जाने वाले साफ्ट वेयर निर्माता कंपनी का नाम मेक नं. एवं स्पेसिफिकेशन : | |
|---|---|
| साफ्ट वेयर एवं निर्धारित अनुसार अन्य कार्य हेतु अंकित राशि रू. में समस्त व्ययो एवं करों सहित | |
| अंको में | शब्दो में |
| | |
| | |

**घोंषणा**

मैनें एम.जी.एम., इन्दौर द्वारा उक्त कार्य के संबंध में निर्धारित की जानकारी अच्छी तरह प्राप्त कर ली है, जो मुझें मान्य है। मेरें आवेदन पत्र मे दी गई समस्त जानकारी सही है। मुझें/मेरी फर्म कों पंजीयन दिनांक सें आज तक किसी कार्यालय द्वारा निर्धारित कार्य हेंतु अयोग्य नही ठहराया गया हैं।

अधिकृत के हस्ताक्षर

फर्म का नामः–

स्थानः–

पताः–

तिथिः–



Scanned by CamScanner